Nai Dunia (Indore), 10th September 2016, Page - 01

# आईआईटी स्टूडेंट को आईएनएई से मिला अवार्ड

**इंदौर।** इंडियन इंस्टिटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी-आई) के एमटेक स्टूडेंट विभोर पंधारे को इनोवेटिव स्टूडेंट प्रोजेक्ट अवार्ड-2016 मिला है।

यह अवार्ड इंडियन नेशनल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग (आईएनएई) ने थिसिस के लिए दिया है। कुछ ही दिनों पहले आईआईटी के स्मार्ट मैन्यूफैक्चरिंग रिसर्च ग्रुप को भी अवार्ड मिला है। विभोर पंधारे को साल के अंत में 8 दिसंबर को स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (सेक) अहमदाबाद (गुजरात) के वार्षिक दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि रिसर्च के मामले में अभी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंदौर सभी नए आईआईटी से आगे चल रहा है। इस संबंध में आईआईटी की जनसंपर्क अधिकारी डॉ. निर्मला मेनन का कहना है कि संस्थान के छात्र शोध के क्षेत्र में लगातार अच्छा काम कर रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें बड़े अवार्ड्स मिल रहे हैं।